आर.एन.आई. नं. 66224/95 Web.:-http://www.janbazpatrika.com
Mob: 8829013340, 9079030243 Ph., Fax- 0744-2410641, E-Mail: janbazpatrika@gmail.com

# जाँबाज पत्रिका




वर्ष 30 अंक 24 महानगर संस्करण कोटा (राजस्थान) गुरूवार 30 जनवरी 2025 पोस्टल रजि. RJ/SR/21-81/2003-2005 पृष्ठ 4 मूल्य 2 रूपये

## राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल को यमुना का पानी पीने की दी चुनौती

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को चुनौती भी दी। उन्होंने कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल को चुनौती देता हूं कि वे यमुना का पानी पीकर दिखाएं। **राहुल ने केजरीवाल पर साधा निशाना** जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वह यमुना नदी में नहाएंगे और यमुना नदी क पानी पिएंगे। 5 साल हो गए हैं और आज तक अरविंद केजरीवाल ने यमुना नदी का पानी नहीं पिया है। आपको गंदा पानी पीना पड़ता है लेकिन केजरीवाल शीशमहल में रहते हैं। करोड़ों रुपये के घर में रहते हैं। वह साफ पानी पीते हैं और आपको झूठे बयान देते हैं। **राहुल गांधी ने केजरीवाल को दी चुनौती** कांग्रेस सांसद ने कहा कि दिल्ली की जनता से अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि वह यमुना नदी को साफ करेंगे और उसका पानी पिएंगे। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वह आज जाकर यमुना नदी का पानी पिएं। कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल के बीच यही अंतर है कि केजरीवाल हमेशा झूठे वादे करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि दिल्ली की जनता जान गई है कि केजरीवाल अपने वादे पूरे नहीं करते। **केजरीवाल और मोदी झूठे वादे करते हैं** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी रोजगार, विकास और प्रगति की बात करती है। शीला दीक्षित के समय दिल्ली में सड़कें बनी, विकास हुआ क्योंकि हम झूठे वादे नहीं करते। लेकिन अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी दोनों 24 घंटे झूठे वादे करते हैं। **आरक्षण, दलितों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है केजरीवाल** राहुल गांधी ने हमला बोलते हुए कहा अरविंद केजरीवाल यह साफ-साफ क्यों नहीं कहते कि वह दिल्ली में जाति जनगणना करवाएंगे और आरक्षण को 50 प्रतिशत से ज़्यादा बढ़ाएंगे? उन्होंने आगे कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि केजरीवाल जी ऐसा नहीं कहेंगे, क्योंकि वो भी मोदी जी की तरह आरक्षण, गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है।

## कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने कनिका शर्मा मामले में दोषियों पर कठोर कार्रवाई व निर्दोषों को अपराध मुक्त करने की मांग का ज्ञापन दिया



**जाँबाज न्यूज बारां।** कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने ज़िलाध्यक्ष शिवशंकर यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्ट्री पहुंचे। मीडिया प्रभारी पार्षद जाकिर खान ने बताया कि 25 जनवरी को ब्राहम्ण समाज की बहू कनिका शर्मा की डॉक्टरों की लापरवाही के चलते उसी दिन मृत्यु हो गई थी। जिसकी कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने घोर निंदा की। साथ ही कठोर कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि जिन 14 व्यक्तियों पर नामजद व 20 अन्य पर झूठे मुकदमें कई धाराओं में दर्ज किए गए हैं, उनको निरस्त कर बनाए गए झूठें मुकदमें रदद किए जाए एवं पुलिस प्रशासन पर झूठे मुकदमें बनाने की कार्यवाही की जाए। सात दिन के अंदर यह कार्रवाई की जाए। समयावधि में प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर पर बंद के आह्वान के साथ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस सेवादल ने मांग की है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई व निर्दोषों को अपराध मुक्त किया जाए। ज्ञापन देने में पीसीसी सदस्य कैलाश , कमल शर्मा, महफूज खान, चंद्रमोहन नागर, ओपी शर्मा, शाहिद भाटी आदि मौजूद रहे।

## हाडोती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी के द्वारा पुनः भाजपा जिलाध्यक्ष बनाने पर राकेश जैन का अभिनंदन



**जाँबाज न्यूज कोटा।** स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा आज राकेश जैन का पुनः भारतीय जनता पार्टी के कोटा जिला के अध्यक्ष बनने पर अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल एवं महासचिव रवि निमोदिया ने राकेश जैन को बधाई देते हुए कहा हमें अत्यंत हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है कि आपको भारतीय जनता पार्टी, कोटा जिला अध्यक्ष के रूप में पुनः मनोनीत किया गया है। यह न केवल आपके उत्कृष्ट नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता और सतत समर्पण का परिचायक है, बल्कि पूरे कोटा जिले के लिए भी एक प्रेरणादायक क्षण है। विकास जोशी एवं आर एन गर्ग के द्वारा आपके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की मंगलकामना करते हैं तथा यह आशा करते हैं कि आप कोटा जिले की उन्नति और उद्योग जगत के विकास में अपना सहयोग एवं संरक्षण प्रदान करेंगे।

इस अवसर हाड़ौती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद जी अग्रवाल, चेयरमैन सलाहकार बोर्ड श्री आर एन गर्ग, पूर्व अध्यक्ष विकास जोशी, महासचिव रवि निमोदिया, उपाध्यक्ष रवि शर्मा, सचिव रविंद्र गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## रोजगार सहायता शिविर में 553 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

**जाँबाज न्यूज कोटा।** रोजगार सहायता शिविर बुधवार को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया जिसमें युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगार परक प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त हुए। शिविर में 553 अभ्यर्थियों को प्रारंभिक चयन किया गया। उप निदेशक उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शिविर में लगभग 800 अभ्यर्थी पहुंचे। जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डी.पी. तिवारी, राकेश जैन, रजिस्ट्रार एन.के. शर्मा ने आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के विकल्पों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने के राज्य सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए युवाओं से कौशल विकास का आव्हान किया। शिविर में राजस्थान एवं अन्य राज्यों से विभिन्न निजी कम्पनियां आई जिन्होंने टेक्नीशियन, रिलेशनशिप ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, सर्विस इंजीनियर, टेक्निकल ऑपरेटर, फाईनेन्स एडवाईजर, सेल्स मैनेजर एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर आदि पदों के लिए चयन प्रक्रिया करते हुए 553 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया। शिविर में रोजगार के लिए कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण देने वाले विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों ने 32 आशार्थियों को प्रशिक्षण दिया।

## होलसेल व्यापारियों ने कोतवाली थाना प्रभारी का किया स्वागत सत्कार

**जाँबाज न्यूज कोटा** होलसेल व्यापार महासंघ संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी के नेतृत्व में कोतवाली थाना नए प्रभारी श्री महेश कुमार जी के आगमन पर शास्त्री मार्केट होलसेल व्यापार संघ के उपाध्यक्ष चिमन जेसवानी नरेश कुमार पुरानी सब्ज़ी मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष पवन दुआ शिवाजी बाज़ार महामंत्री हेमंत गर्ग बर्तन बाज़ार सचिव रवि जैन ठठेरा गली होलसेल व्यापार संघ से पुरुषोत्तम जी एवं अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी ने होलसेल बाज़ारों सुंदर धर्मशाला ,इंद्रा मार्केट ,पुरानी सब्ज़ी मंडी ,चार खम्बा,बजाज खाना, विजय मार्केट, घंटाघर ,रामपुरा ,बॉस बल्लीगली,शिवाजी बाज़ार , टींबर मार्केट ,अग्रसेन बाज़ार , गिरजाघर की गली ,गीता भवन रोड सब्ज़ी मंडी मैन रोड मोहन टॉकीज रोड जवाहर बाज़ार आदि के व्यापारियों को हो रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया एवं और राजीव दत्ता जी ,अंकित जैन साहब स्क्क साहिबा अमृता दुहन व एडिशनल स्क्क दिलीप सैनी जी ट्राफिक ष्ट्ह्र अशोक जी नगर निगम ष्ट्ह्र तरुण कांत सोमानि जी कारणों का अंतर सोमा निजी कारणों तरुण का अंत का अंत तक का सामान को मानना है ।

## जेईई मेन परीक्षा मॉडरेट टु टफ रहा जनवरी सेशन का डिफिकल्टी लेवल

**जाँबाज न्यूज कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी-एनटीए की ओर से बीई/बीटेक के लिए आयोजित जनवरी सेशन की जेईई मेन परीक्षा बुधवार को सम्पन्न हो गई। जनवरी सेशन का डिफिकल्टी लेवल मॉडरेट टु टफ माना जा रहा है। गुरुवार को बीआर्क/बीप्लानिंग के लिए जेईई मेन परीक्षा का पेपर 2 होगा। यह एक शिफ्ट में ही होगा। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी यानी पांच दिन हुए 10 पेपर के ओवरआल डिफिकल्टी लेवल की बात करें तो यह मॉडरेट टु टफ रहा। इसमें मैथ्स हमेशा की तरह लेंदी और टफ रहा जबकि फिजिक्स मॉडरेट और केमिस्ट्री आमतोर पर इजी टु मॉडरेट रही। स्टूडेंट्स के मुताबिक जेईई 29 जनवरी शिफ्ट 1 पेपर का डिफिकल्टी लेवल आसान से मध्यम रहा। सवाल संतुलित और करने योग्य थे। हालांकि, मैथ्स सेक्शन लंबा और कठिन था। फिजिक्स में कुछ समय लेने वाले सवाल थे। कुल मिलाकर पेपर कॉन्सेप्ट-आधारित सवालों के साथ क्यूरेट किया गया था। **एडवांस के लिए कट ऑफ़ कम होने के आसार** नितिन विजय ने बताया कि जेईई मेन सीएस कटऑफ अंक तैयार करते समय आवेदकों की संख्या, प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन और परीक्षा का कठिनाई स्तर जैसे कारकों को आधार माना जाता है। इस बार जेईई मेन्स परीक्षा में कुल 75 सवाल आए। इसमें मैथ्स, फिजिक्स और केमिस्ट्री सेक्शन में 25-25 सवाल पूछे गए। हर सेक्शन में 20 बहुविकल्पीय और पांच सवाल न्यूमेरिकल थे। गत वर्ष तक कुल 90 सवाल होते थे। इसमें मैथ्स, फिजिक्स और केमिस्ट्री तीनों विषय में 10-10 सवाल न्यूमेरिकल होते थे, जिसमें से केवल 5-5 सवाल ही हल करने होते थे। इस बार चॉइस समाप्त हो गई और स्टूडेंट्स को सभी पांच सवाल अनिवार्य रूप से हल करने पड़े। इससे पेपर डिफिकल्टी लेवल बढ़ गया। ऐसे में इससे एडवांस का काट ऑफ़ कम होने के आसार है। संभावना है कि कट ऑफ सामान्य के लिए 92+, ईडब्ल्यूएस की 83+, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल की 81+ और अनुसूचित जाति की 63+ और अनुसूचित जनजाति की 48 + रहे सकती है । **यह मानी जाती है अच्छी और औसत रैंक** जेईई मेंन 2025 जनवरी सेशन के लिए 13.8 लाख कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। जेईई मेन में टॉप 2000 रैंक को असाधारण माना जाता है और इससे प्रमुख आईआईआईटी (ट्रिपल आईटी



), एनआईटी और अन्य शीर्ष संस्थानों में प्रवेश सुनिश्चित माना जाता है। 20 हजार तक रैंक पर आईआईआईटी, एनआईटी और सरकारी वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (जीएफटीआई) में लोकप्रिय शाखाओं में प्रवेश मिलता है। जेईई मेन में 50,000 रैंक एनआईटी और आईआईआईटी में प्रवेश की संभावना कम कर सकती है, लेकिन राज्य सरकार और निजी संस्थान इस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए विकल्प बने रहते हैं।

## किसानों को दी बायो गैस के बारे में जानकारी

**जाँबाज न्यूज कोटा।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं संस्था एनसीएचएसई द्वारा संचालित जलवायु अनुकूल परियोजना अंतर्गत बायो-गैस में उपलब्ध प्रौद्योगिकी पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन एआरएस उम्मेदगंज फार्म पर किया गया। कार्यशाला में किसानों को बायो गैस के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, उससे निकलने वाली सेलेरी का खेती में उपयोग कर उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, इस पर चर्चा की गई। खेती के साथ-साथ अतिरिक्त आय के लिए बगीचा, पशुपालन, फसल विवधिकरण, फर्टिलाइजर को कम करके जैविक खेती करने की सलाह दी गई। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक कृषि आतिश कुमार शर्मा, उप-परियोजना अधिकारी आत्मा अनिल, उद्यान विभाग से कृषि अधिकारी डॉ. भॅवरलाल मीणा, कृषि विज्ञान केंद्र बोरखेड़ा से डॉ महेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान उम्मेदगंज डॉ बी.एस. मीणा सहित आईटीसी से देवब्रत कुमार, मनोज मिश्रा, ग्रीन ग्रो बायोगैस कंपनी उदयपुर से मुकेश ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

सांध्य दैनिक जाँबाज पत्रिका
कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, टोंक, सवाईमाधोपुर


## सम्पादकीय

# सिद्दारमैया के संकेत



उथलपुथल और विवादों से गुजरती कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के ताजा बयान के बाद परदे के पीछे गतिविधियां और तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को पहली बार संकेत दिया कि राज्य में इसी साल नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है। अब तक ऐसे सवालों पर उनका दावा होता था कि उनकी सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। **अघोषित फॉर्म्युला** इस बात की कभी औपचारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई, लेकिन 2023 में मौजूदा कांग्रेस सरकार बनने के बाद से ही कहा जा रहा है कि वहां रोटेशनल चीफ मिनिस्टर की व्यवस्था पर सहमति बनी थी। इसके तहत सिद्दारमैया 30 महीने मुख्यमंत्री रहेंगे और फिर अगले 30 महीने डी के शिवकुमार उस पद पर बैठेंगे। चूंकि सिद्दारमैया इसी साल के आखिर तक सीएम पद पर अपने 30 महीने पूरे कर लेंगे, इसलिए नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सुगबुगाहट शुरू होना स्वाभाविक है। **अमल में दिक्कत** इस तरह के फॉर्म्युले की चर्चा कई अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में भी होती रही है। लेकिन उसका अमल में आना हमेशा मुश्किल रहा है। इसका एक अच्छा उदाहरण छत्तीसगढ़ है। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में हुई कांग्रेस की हार की एक वजह टीएस सिंहदेव की नाराजगी को भी माना जाता है जिन्हें वादे के बावजूद सीएम पद नहीं मिला था। **अतिरिक्त दबाव** कर्नाटक में भी मौजूदा मुख्यमंत्री का अब तक का रुख यही संकेत दे रहा था कि इस कथित फॉर्म्युले को अमल में लाना मुश्किल साबित होगा। लेकिन चाहे, कथित मुदा घोटाले के कारण पार्टी के अंदर और बाहर से बन रहे अतिरिक्त दबाव की भूमिका हो या कुछ और, नेतृत्व परिवर्तन का फैसला सिद्दारमैया ने आलाकमान पर छोड़ दिया है। अगर इस दिशा में बात आगे बढ़ती है तो दक्षिण के एक महत्वपूर्ण राज्य में पार्टी के पास युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने का मौका होगा। चूंकि अभी चुनाव में देर है, इसलिए नए नेतृत्व के पास भी खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त वक्त होगा। **नतीजों पर नजर** इसका आखिरकार नतीजा क्या होगा यह तो अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह खबर जरूर है कि राज्य में मुख्यमंत्री पद का सपना देख रहे कई नेताओं के समर्थकों ने पूजा-पाठ और अनुष्ठान करवाने शुरू कर दिए हैं। यह घटनाक्रम विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के अंदर आलाकमान को मजबूती देते हुए अनुशासन की भावना बढ़ाता है या प्रदेश में अंदरूनी गुटबाजी को तेज करता है, यह देखने वाली बात होगी।

हाड़ौती का एक ही 'बाज'
हमारा अपना
अखबार 'जाँबाज'

क्या कोई खबर है!
क्या कोई शिकायत है?
क्या कुछ देखा आपने?
क्या कोई सुझाव है?
क्या जाँबाज पत्रिका नहीं मिल रहा!
क्या जाँबाज पत्रिका पढ़ना चाहते हैं?

बात कोई भी हो, तुरंत
संपर्क करें 9079030243
9926055813
दैनिक जाँबाज पत्रिका

# अखिल भारतीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़ 628 मरीजों को मिला लाभ

## गुरूसेवा संघ द्वारा कुन्हाडी दो दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित



**जाँबाज न्यूज कोटा।** रिद्धि सिद्धि जैन मंदिर, कुन्हाड़ी चंद्रप्रभु मंदिर परिसर में गुरू सेवा संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के पहले दिन 628 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। पूज्य आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज व नवाचार्य 108 श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से आयोजित इस शिविर में दमोह के सुप्रसिद्ध वैद्य रोहित भैया का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिविर का उद्घाटन भाजपा ?नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने किया। गुरूसेवा संघ व कुन्हाडी जैन मंदिर पदाधिकारियों द्वारा उनका इस अवसर पर सम्मान भी किया गया। कार्याध्यक्ष पारस बज आदित्य ने बताया कि शिविर में डॉ. वैभव जैन और डॉ. मियलेश जैन की विशेष उपस्थिति में मरीजों को देखा। शिविर में शुगर, हृदय रोग, घुटने-कमर दर्द, चर्म रोग, लीवर रोग, माइग्रेन, किडनी समस्या, टाइफाइड, पोलियो, साइनस और निःसंतान जैसी समस्याओं का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। इस शिविर के पुण्यार्जक श्री नाथुलालजी अशोकजी , संजय बालेश, अनुराग, मौलिक एवं समस्त सांवला परिवार है। मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा ने बताया कि विशेष बात यह रही कि शिविर में 6 माह के शिशुओं से लेकर 90 वर्ष तक के बुजुर्गों का इलाज किया जा रहा है। शिविर का आयोजन सावला परिवार द्वारा किया गया है। शिविर 30 जनवरी को भी प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक जारी रहेगा। शिविर में विशेष रूप से कम उम्र के युवाओं को ड्ढह की समस्या, शुगर व बी.पी. का कुछ ही माह में ठीक करने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। साथ ही घुटने का इलाज बिना ऑपरेशन के किया जा रहा है। शिविर को गुरु सेवा संघ परिवार और रिद्धि सिद्धि नगर का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# बाबू लाल मीना राजीव ब्रिगेड में प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री नियुक्त



**जाँबाज न्यूज कोटा।** राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सलीम भारती ने राष्ट्रीय राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश गुलाटी की सहमति से एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की मंशा के अनुसार कांग्रेस को मजबूत करने की दृष्टि से राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस में बाबूलाल मीणा को प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री नियुक्त किया है ।

# कहानी लेखन प्रतियोगिता' में अकलंक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के बच्चों ने लहराया परचम




**जाँबाज न्यूज कोटा।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, राजस्थान की इकाई कोटा द्वारा प्रांतीय स्तर पर विद्यार्थियों में उत्कृष्ट साहित्य का प्रचार प्रसार व साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने हेतु ,कुटुंब, परिवार भाव, भारतीय परिवार व्यवस्था एक सकारात्मक दृष्टि एवं औपनिवेशिकता के ऋणात्मक पक्ष में से कोई भी एक विषय पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के निर्देशानुसार, अकलंक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को को भारत विकास परिषद चिकित्सालय के सूरज सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण व साहित्यकार सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीनों ही स्थान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राप्त किए।

# मुख्यालय अधिकारियों द्वारा कोटा-सवाई माधोपुर रेल खण्ड पर संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण



**जाँबाज न्यूज कोटा।** पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्तर के अधिकारियों की इंट्रा रेलवे संरक्षा ऑडिट टीम द्वारा दिनांक 29 जनवरी को कोटा-सवाईमाधोपुर खण्ड के मध्य कापरेन-घाट का बराना के मध्य यातायात समपार फाटक सं. 134, घाट का बराना स्टेशन, लबान-लाखेरी के मध्य मेज नदी पर मेजर ब्रिज सं. 250, लाखेरी इंद्रगढ़ खण्ड में कर्व सं. 50 अप एवं इंजीनियरिंग समपार फाटक सं. 137, इंद्रगढ़ स्टेशन पर प्वाइंट नं. 118, सवाई माधोपुर का ट्रेक्शन सब स्टेशन एवं सवाईमाधोपुर स्टेशन का संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण किया गया। सभी क्षेत्रीय रेलों पर इंट्रा-रेलवे संरक्षा ऑडिट नियमित रूप से किये जाते हैं। इसके अन्तर्गत संरक्षा ऑडिट टीम में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारियों द्वारा बेहतर संरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने एवं प्रणालीगत कमियों के निराकरण हेतु सकारात्मक प्रयास किये जाते हैं। इंट्रा रेलवे संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीण खोराना के नेतृत्व में, मुख्य विजली वितरण इंजीनियर जगराम मीना, कोटा मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक एल. के. धुरंधर एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी कोटा निरीश कुमार राजपूत की उपस्थिति में किया गया। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण, कोटा मंडल के अभियान्त्रिकी, यॉन्त्रिक, संकेत एवं दूर संचार, टीआरडी, विद्युत एवं परिचालन विभागों के शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शहीद दिवस पर कार्यक्रम आज

**जाँबाज न्यूज बारां।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहीद दिवस के अवसर पर 30 जनवरी 2025 को जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों में प्रातः 10.30 बजे से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पुष्पार्पण, रामधुन व गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन एवं प्रातः 11 बजे 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। जिले में उपखंड स्तर, समस्त शिक्षण संस्थाओं एवं जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# हुकम जैन काका ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में कई स्थानों पर जनसंपर्क किया

**जाँबाज न्यूज नई दिल्ली ।** कोटा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व दिल्ली विधानसभा चुनाव में सदर बाजार विधानसभा के समन्वयक हुकम जैन काका ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में कई स्थानों पर जनसंपर्क किया, इस दौरान दिल्ली कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य से राजनीतिक चर्चा भी की, इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनुराग जैन समेत दिल्लीके कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# दो दिवसीय कृषक सेमिनार का समापन

**जाँबाज न्यूज बारां।** उप निदेशक उद्यान आनंदीलाल मीणा ने बताया कि कार्यालय उप निदेशक उद्यान द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना 2024-25 के अंतर्गत दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के लगभग 110 कृषकों ने भाग लिया। जिसमें उद्यानिकी योजनाओं की जानकारी के अन्तर्गत फलदार बगीचे की स्थापना, मसाला विकास योजना, धनिया, मेथी, लहसुन फसल की जानकारी विषय विशेषज्ञ द्वारा दी गई। कृषि विभाग के अंतर्गत अनाज, दलहन, तिलहन आदि फसलों की जानकारी दी जाती है, जबकि उनके अलावा फलदार, सब्जियों मसाला एक औषधीय एवं सगंध फसलों की जानकारी उद्यान विभाग के अंतर्गत आता है।

# सृजन कोटा द्वारा अनप्लग्ड संगीत की शाम आज प्रसिद्ध गायक क्षितिज तारे करेंगे प्रस्तुति

## संगीतमयी शाम में अंतरराष्ट्रीय पियानो वादक ब्रायन सिलास को लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड



**जाँबाज न्यूज कोटा।** सृजन द स्पार्क कोटा चैप्टर द्वारा 30 जनवरी को शौर्य घाट, चंबल रिवर फ्रंट पर ÷एन इवनिंग ऑफ म्यूजिक अनप्लग्ड÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कोटा चैप्टर अध्यक्ष डॉ. विजय सरदाना ने बताया कि अवसर पर प्रसिद्ध गायक, संगीतकार और प्रस्तुतकर्ता क्षितिज तारे अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं का मन मोहेंगे। सचिव संजीव अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम शाम 6.30 बजे से चंबल नदी के पश्चिमी घाट पर आयोजित होगा। इसमें वी.एम.ओ.यू. के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी और आई.पी.एस. (सेवानिवृत्त) श्री प्रसन्ना खमेसरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। **'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'** सृजन द स्पार्क के अध्यक्ष डॉ. विजय सरदाना ने बताया कि यह आयोजन संगीत प्रेमियों को संगीतमय आनंद प्रदान करने के साथ-साथ उत्कृष्ट कलाकारों को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पियानो वादक ब्रायन सिलास को ÷लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड÷ से सम्मानित किया जाएगा। **ब्रायन सिलास- एक संगीतमयी विरासत** उपाध्यक्ष अनिमेष जैन ने बताया कि ब्रायन सिलास भारतीय फिल्म संगीत के सबसे प्रतिष्ठित पियानो वादकों में से एक हैं। उनकी उंगलियां जब पियानो पर चलती हैं, तो खय्याम, सलिल चौधरी, ओ.पी. नैय्यर, एस.डी. बर्मन, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल, रवि और मदन मोहन जैसे दिग्गज संगीतकारों की कालजयी धुनें पुनर्जीवित हो उठती हैं। उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया गया है।भारतीय सिनेमा के रोमांटिक गीतों को पियानो पर प्रस्तुत करने में उन्हें विशेष महारत हासिल है।

# घड़ी डिटर्जेंट का 'देश की नींव' अभियान लॉन्च: समाज के नायकों को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल




**जाँबाज न्यूज कोटा।** घड़ी डिटर्जेंट ने अपने नए अभियान 'देश की नींव' को लॉन्च किया है, जो एक प्रेरणादायक फिल्म के माध्यम से समाज के उन नायकों को सम्मानित करता है, जो हमारे देश की मजबूती की नींव रखते हैं।यह अभियान केवल एक मार्केटिंग पहल नहीं है, बल्कि यह उन लोगों के कठिन प्रयासों का जश्न है जो अक्सर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। फिल्म दर्शाती है कि कैसे व्यक्तिगत मेहनत और एकता हमारे समाज की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है।÷देश की नींव÷ का उद्देश्य यह बताना है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और हर व्यक्ति के योगदान से बड़ा बदलाव आ सकता है। इस अभियान में घड़ी डिटर्जेंट उन नायकों को सम्मानित करता है, जो रोज़ अपने काम से समाज की मजबूती में योगदान करते हैं।यह अभियान समाज के नायकों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। इसका संदेश है कि हर प्रयास महत्वपूर्ण और सराहनीय है। यह अभियान उन लोगों का सम्मान करता है जो मेहनत, एकता और सुधार के लिए समर्पित रहते हैं और दूसरों को प्रेरित करते हैं।दशकों से, घड़ी डिटर्जेंट एक भरोसेमंद नाम बन चुका है। इस अभियान के माध्यम से, घड़ी उन नायकों को सम्मान देना चाहता है, जिनकी दिन-प्रतिदिन की मेहनत भारत की समृद्धि की नींव बनती है।आरएसपीएल समूह के जेएमडी राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा, ÷हमें 'देश की नींव'अभियान लॉन्च कर उन लोगों को सम्मानित करना है जो निस्वार्थ भाव से एक बेहतर भारत के लिए काम करते हैं। यह अभियान हमारे साझा संघर्ष और लाखों भारतीय परिवारों के भरोसे का प्रतीक है, जिन्होंने वर्षों से घड़ी को अपना साथी माना है।यह अभियान भारत की आत्मा के साथ ब्रांड के जुड़ाव को भी दिखाता है। आरएसपीएल समूह अपने उत्पादों के माध्यम से परिवारों और समाज के विकास में योगदान देता है, और रोजमर्रा के नायकों को प्रगति में मदद करता है।

अभियान के पीछे ब्रांड टीम का नेतृत्व गौरबा रथ ने किया। अन्य प्रमुख सदस्यों में वरुण चौहान, चंदन प्रकाश श्रीवास्तव, पारस वोहरा, और आयुष कालरा शामिल हैं, जिन्होंने इस अभियान को साकार किया।

# ट्रेड यूनियन नेता कॉमरेड के.बी. शर्मा का निधन- श्रमिक वर्ग को गहरा सदमा



**जाँबाज न्यूज कोटा।** वयोवृद्ध कम्युनिस्ट और लोकप्रिय ट्रेड यूनियन नेता कॉमरेड के.बी. शर्मा का बुधवार सुबह रावतभाटा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। कॉम. शर्मा एआईसीटीयू के अखिल भारतीय महासचिव और मार्क्सवादी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (यूनाइटेड) की केंद्रीय समिति के सदस्य के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने वर्ष 1979-80 में आयोजित परमाणु ऊर्जा श्रमिकों की 100 से अधिक दिनों की ऐतिहासिक हड़ताल का नेतृत्व किया। उन्होंने राजस्थान के साथ-साथ पूरे भारत में निर्माण श्रमिकों, बीड़ी श्रमिकों और असंगठित मजदूरों को भी संगठित किया। एआईसीटीयू के कार्यकारी महासचिव कॉमरेड महेंद्र पांडे और एमसीपीआई (यू) के राज्य सचिव महेंद्र नेह ने अपने बयान में कहा है कि भारत के एआईसीटीयू और ट्रेड यूनियन आंदोलन ने एक प्रतिबद्ध नेता खो दिया है। शर्मा गंभीर रूप से बीमार थे और पिछले तीन महीने से उनका इलाज चल रहा था।

वह अपनी पत्नी और परिवार के सदस्यों के साथ रावतभाटा में रह रहे थे।

# 1968 में हत्या के मामले में फरार आरोपी 57 साल बाद गिरफ्तार

(शाकिर खान)



**जाँबाज न्यूज रामगंजमंडी।** सुकेत पुलिस ने 57 साल पुराने हत्या के आरोपी को दिल्ली मंगोलपुरी से गिरफ्तार किया है आरोपी पर युवक भावना (25) की हत्या का आरोप है मामला 11 मई 1968 का है जब प्रभु लाल(77) पुत्र रामदेव बेरवा ने भावना की पत्थर से हमला कर हत्या कर दी थी तब मृतका के मामा राम प्रताप ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी तब से आरोपी फरार चल रहा था कोर्ट ने उसे 1971 में भगोड़ा घोषित कर ?25000 का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी फरारी के समय दिल्ली रहने लगा जहां उसने अपना नाम बदलकर प्रेम सागर रख लिया इस बीच में उसने रिश्तेदारों से भी दूरियां बना ली थी और दिल्ली के मंगोलपुरी में रहकर उसने शादी कर ली और वहीं ठेकेदारी का काम कर गुजर बसर कर रहा था उसके दो बेटे और तीन पोतीया बताई जा रही हैं सुकेत पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली थी इस पर पुलिस ने मंगोलपुरी जाकर उसकी रेकी की और उसको वहां से गिरफ्तार कर लिया जिसने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस टीम में छोटू लाल थानाधिकारी ,धीरज गोला कांस्टेबल, नरेंद्र सिंह कांस्टेबल, हरेंद्र सिंह कांस्टेबल, नरेंद्र सिंह कांस्टेबल, लखन सिंह कांस्टेबल और रणवीर कांस्टेबल की भूमिका रही।

# सब इंस्पेक्टर महेश कुमार ने अवैध देशी कट्टा सहित एक बदमाश को किया गिरफ्तार

(के डी अब्बासी)



**जाँबाज न्यूज कोटा।** कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन आईपीएस ने बताया कि अवैध फायर आर्म्स, अवैध मादक पदार्थ व वांछित अपराधियो की धरपकड हेतु विशेष अभियान चलाया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए कोतवाली थाना प्रभारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम मैं एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने कपिल हरित को प्रताप चौक लाडपुरा हरिजन बस्ती से एक अवैध देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर महेश कुमार की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है गठित टीम में सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार , हैड कांस्टेबल रामकेश कांस्टेबल दुलीचंद ,प्रधान, रमेश ,गोविन्द शामिल थे ।

# भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रेमचंद गोचर का इटावा आगमन पर स्वागत नियुक्ति के बाद पहली बार इटावा कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से की पुष्प वर्षा

(लालू पठान)



**जांबाज न्यूज़ इटावा।** इटावा भारतीय जनता पार्टी के कोटा देहात जिला अध्यक्ष पद पर दोबारा नियुक्त हुए प्रेम गोचर का पहली बार इटावा आने पर स्वागत किया गया इटावा शहर मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता ने जेसीबी से पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर ने कार्य कर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके विश्वास का परिणाम है की पार्टी ने उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी सौंप है उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे शहर मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि गोचर की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है करेंगे कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान रिंकू मीणा चैनसुख मित्तल विष्णु गोयल अनेक सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# Dr अफसर जहां (हिना गोरी ) वल्द गाबरिन गोरी निवासी बून्दी को केमेस्ट्री मे PHD मिला गोल्ड मेडल



**जाँबाज न्यूज कोटा** यूनिवर्सिटी मे17 वां दीक्षान्त समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल महोदय थे। अध्यक्षता पंजाब के कुलपति ने की। राज्यपाल महोदय ने कोटा यूनिवर्सिटी मे PHD केमेस्ट्री में विषय मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल व प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया। इससे पूरे जिले में मुस्लिम समाज मे हर्ष की लहर है डॉ हिना की मां फरीदा बानो भी रिटायर्ड ANM हैं डॉ हीना गोरी की इस उपलब्धि पर परिवार जन बहन रेश्मा परवीन जीजा जी नासिर मुल्तानी मामा जी डॉ इसहाक मोहम्मद देई इस्माइल मोहम्मद भाई फिरोज आरिफ अंसार नोसरानी परवेज गोरी शुबू आदि सब रिस्तेदार दोस्तो ने हिना की इस उपलब्धि पर बधाई दी ।

# अमेज़न इंडिया ने शुरू किया ष्दिखोगेतोबिकोगे अभियान

**जाँबाज न्यूज कोटा।** अमेज़न इंडिया ने एक नया ब्रांड अभियान, ष्दिखोगेतोबिकोगे शुरू किया है, जिसमें इस बारे में जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की गई है कि भारत में छोटे व्यवसायों के लिए कंपनी के डिजिटल मार्केटप्लेस पर बिक्री करना सरल और प्रभावी है। इस अभियान में तीन रचनात्मक और हास-परिहास भरे विज्ञापन शामिल हैं और हरेक में अलग-अलग परिदृश्य में विक्रेता अपने उत्पादों को बढ़ावा देने और बेचने के लिए अपरंपरागत तरीके अपनाते हैं। एनॉर्मस ब्रांड्स एलएलपी ने इसे डिज़ाइन किया है और इसकी अवधारणा तैयार करने के साथ-साथ इसका निर्माण भी किया है। अमेज़न इंडिया के सेलिंग पार्टनर सर्विसेज़ के निदेशक, अमित नंदा ने बताया कि च्अमेज़न में, मुख्य उदेश्य ई-कॉमर्स के ज़रिये पूरे भारत में छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाना हैं। ष्दिखोगेतोबिकोगे अभियान भारतीय व्यवसाय मालिकों की अविश्वसनीय उद्यमशीलता की भावना को उजागर करता है। एनॉर्मस ब्रांड्स एलएलपी के मैनेजिंग पार्टनर, आशीष खजांची ने कहा, ÷अमेज़न इंडिया का ष्दिखोगेतोबिकोगे अभियान अब तक की हमारी सबसे दिलचस्प परियोजनाओं में से एक रहा है। हमारा रचनात्मक दृष्टिकोण हास-परिहास के ज़रिये इस बात पर केंद्रित था कि ब्रांड के मालिक और उद्यमी अपने ग्राहकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं। संबंधित परिदृश्यों और एक हल्के-फुल्के कथानक के माध्यम से, हम छोटे व्यवसाय के मालिकों को दिखाना चाहते थे कि हर जगह ग्राहकों तक पहुंचने का एक सरल और अधिक प्रभावी तरीका है - भारत और दुनिया भर में अमेज़न मार्केटप्लेस। यह अभियान विक्रेताओं से उनकी महत्वाकांक्षा को स्वीकार करते हुए उनसे जुड़ता है और साथ ही अमेज़न को व्यावहारिक समाधान के रूप में पेश करता है जो उसकी व्यावसायिक आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल देता है।÷ष्दिखोगेतोबिकोगे अभियान अब टेलीविजन, डिजिटल और सोशल मीडिया चैनलों सहित कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखाया जा रहा है।

# पीएम श्री स्कूल, कैथून ने जिला स्तरीय स्किल एग्जीबिशन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

(शाकिर खान)



**जाँबाज न्यूज कोटा।** पीएम श्री स्कूल, कैथून ने जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. प्रतियोगिता, जिसका उद्देश्य छात्रों के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करना था, में जिले भर के विभिन्न स्कूलों से भागीदारी देखी गई। पीएम श्री श्रीपुरा स्कूल, कोटा में आयोजित जिला स्तरीय स्किल एग्जीबिशन प्रतियोगिता में पीएम श्री स्कूल कैथून की 11वीं कक्षा की छात्रा साक्षी सुमन ने आई टी ट्रेड में असाधारण कौशल और विशेषज्ञता का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता की विजेता बनकर उभरीं और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उसी स्कूल की एक अन्य छात्रा तनु सुमन ने हेल्थकेयर ट्रेड में तीसरा स्थान हासिल किया, जिससे व्यावसायिक शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता उजागर हुई। रूपेश सिंह एडीपीसी, समसा कोटा द्वारा छात्राओं को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। पीएम श्री स्कूल कैथून के व्यावसायिक प्रशिक्षक शाकिर हुसैन ने प्रतियोगिता की तैयारी में छात्रों का मार्गदर्शन और सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रों को उद्योग-विशिष्ट कौशल से लैस करने, उन्हें नौकरी के लिए तैयार करने और उन्हें अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाने में व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। स्कूल की उपलब्धि उसके छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। व्यावसायिक शिक्षा पर पीएम श्री स्कूल कैथून के फोकस ने अपने छात्रों को उद्योग में मांग वाले कौशल विकसित करने में सक्षम बनाया हैं। प्रधानाचार्य अशोक गुप्ता और स्कूल प्रशासन और स्टाफ ने विजेता छात्रों को बधाई दी और माला पहनाकर उनका स्वागत किया।तथा शाकिर हुसैन को उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उम्मीद है कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा हासिल करने और इसी तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी।

